केन्द्रीय विद्यालय संगठन

राँची संभाग

प्री-बोर्ड परीक्षा-1 (2024-25)

कक्षा-10 समय-3 घंटे विषय-हिन्दी (002) पूर्णांक-80

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िये और उनका सख्ती से अनुपालन करें :

- इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं | सभी प्रश्न अनिवार्य है |
- इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं - क, ख, ग और घ |
- खंड 'क' में कुल 2 प्रश्न हैं , जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 हैं |
- खंड 'ख' में कुल 4 प्रश्न हैं , जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 हैं | दिये गए निर्देशों का पालन करते हुये 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- खंड 'ग' में कुल 5 प्रश्न हैं , जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 हैं |
- खंड 'घ' में कुल 4 प्रश्न हैं ,सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिये गए हैं |
- प्रश्नों के उत्तर दिये गए निर्देशों का पालन करते हुये लिखिए |

## खंड - (क) अपठित बोध

1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 1+1+1+2+2=7

सांख्य दर्शन भारत के सभी दर्शनों में सबसे प्राचीन है | इसके अनुसार मूल तत्व 25 है, जिनमें प्रकृति पहला तत्व है | सांख्य दर्शन के अनुसार, जगत का क्रम-विकाश ईश्वर के कारण नही होता, बल्कि प्रकृति के सहज स्वरूप के कारण होता है | प्रकृति से ही सभी चीजों ; जैसे- वायु, जल, आकाश, बुद्धि आत्म-चेतना, दृष्टि, स्पर्श, श्रवण, वाक्, आदि का विकाश होता है | इन सबमें एक अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व है पुरुष यानि आत्मा | जैन दर्शन की तरह सांख्य दर्शन भी यह मानता है कि आत्माओं की संख्या अनंत है और पुरुष प्रकृति पर निर्भर नहीं है और नाहीं प्रकृति पुरुष पर | फिर भी पुरुष किसी न किसी रूप में प्रकृति यानि भौतिक द्रव्य से जुड़ा है और उनके अंतर को जान लेना ही मोक्ष है |

सांख्य दर्शन का एक महत्वपूर्ण पहलू है तीन गुणों का सिद्धान्त | ये गुण है ; सत्व, रजस्, और तमस् | यह कहा गया है कि प्रारम्भ में यह तीनों गुण हर प्राणी में संतुलित मात्रा में होते हैं लेकिन ज्यों-ज्यों प्राणी विकसित

होता है , इन तीनों गुणों में कोई एक गुण अधिक प्रबल हो जाता है |सत्व गुण सच्चाई, बुद्धिमानी, सुंदरता और भलाई का प्रतीक है | रजस्, उग्रता, सक्रियता, हिंसा, ऊर्जा का द्योतक है और तमोगुण अंधेरे, मूर्खता, उदासी, दुख आदि का द्योतक है |

किन्तु कालांतर में तंत्रवाद में आकार पुरुष और प्रकृति के बीच के अंतर यानि उनके अर्थ में परिवर्तन हो गया है | तंत्रवाद के अनुसार , पुरुष का अर्थ मनुष्य और प्रकृति का अर्थ स्त्री हो गया है |

(क) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

कथन (A) : कालांतर में तंत्रवाद में आकार पुरुष और प्रकृति के बीच के अंतर यानि उनके अर्थ में परिवर्तन हो गया है|

कारण (R) : सांख्य दर्शन के अनुसार, जगत का क्रम-विकाश ईश्वर के कारण नही होता, बल्कि प्रकृति के सहज स्वरूप के कारण होता है

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है ।
ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं ।
iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।
iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नही है ।

(ख) प्राणी ज्यों-ज्यों विकसित होता है

I- उसके तमोगुण विकसित होते जाते है
II- उसमें उग्रता आती चली जाती है
III- सुंदरता और भलाई की भावना बढ़ती जाती है
IV- तीनों गुणों में कोई एक गुण अधिक प्रबल होता जाता है

विकल्प -

i- कथन i और ii सही है
ii- कथन iii और iv सही है
iii- कथन i और iii सही है
iv- केवल कथन iv सही है |

(ग) नीचे दिये हुये कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिये -

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| I- तमोगुण | 1- सच्चाई, बुद्धिमानी, सुंदरता और भलाई |
| II- सत्व गुण | 2- उग्रता, सक्रियता, हिंसा, ऊर्जा |
| III- -रजस् गुण | 3- अंधेरा, मूर्खता, उदासी, दुख |

i- i (1) ,ii (2) , iii (3)

ii- i (1) ,ii (3) , iii (2)

iii- i (3) ,ii (2) , iii (1)

iv- i (3) ,ii (1) , iii (2)

(घ) जैन दर्शन और सांख्य दर्शन में यहाँ क्या समानता बताई गयी है ?

(ङ) तंत्रवाद ने सांख्य दर्शन को किस प्रकार प्रभावित किया ?

2- निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसपर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 1+1+1+2+2=7

पूर्व चलने के बटोही , बाट की पहचान कर ले !
पुस्तकों में है नहीं , छापी गयी इसकी कहानी ,
हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की जुबानी ,
अनगिनत राही गए इस राह से ,उनका पता क्या,
पर गए कुछ लोग इसपर , छोड़ पैरों की निशानी ,
यह निशानी मुक होकर भी बहुत कुछ बोलती है ,
खोल इसका अर्थ, पंथी, पंथ का अनुमान कर ले !
पूर्व चलने के बटोही , बाट की पहचान कर ले !
है अनिश्चित किस जगह पर, सरिता-गिरि-गह्वर मिलेंगे
है अनिश्चित किस जगह पर, बाग-बन सुंदर मिलेंगे ,
किस जगह यात्रा खत्म हो जाएगी, यह भी अनिश्चित ,
है अनिश्चित, कब सुमन, कब कंटकों के सर मिलेंगे ,
कौन सहसा छूट जाएंगे , मिलेंगे कौन सहसा ,
आ पड़े कुछ भी , रुकेगा तू न , ऐसी आन कर ले !
पूर्व चलने के बटोही , बाट की पहचान कर ले !

(क) 'पुस्तकों में है नहीं, छापी गयी इसकी कहानी'- किसकी कहानी पुस्तकों में नहीं छपी है?

i- बटोही की

ii- बाट की

iii- सरिता की

iv- बाग की

(ख) कवि ने बाट के बारे में क्या बताया है ?

I- इसका हाल औरों की जुबानी ज्ञात नहीं होता

II- इसपर कुछ लोगों के पैरों की निशानी है

III- यह निशानी मूक होने के कारण कुछ बोल नही पाती

IV- यह बाट अनिश्चितताओं से भरा है

विकल्प ;-

i- केवल कथन i और ii सही है

ii- केवल कथन iii और iv सही है

iii- केवल कथन i , ii और iv सही है

iv- केवल कथन iv सही है |

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

कथन (A) : पथ पर चलने से पहले हमें उसकी पहचान कर लेनी चाहिए |

कारण (R) : हमारे लिए नवीन पथ अनिश्चितताओं से भरा होता है |

i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है |

ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं |

iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है |

iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नही है |

(घ) निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है , कैसे ? स्पष्ट कीजिये |

(ङ) कवि ने जीवन मार्ग में क्या-क्या अनिश्चितताएँ बताई है ?

## खंड-ख

## (व्यावहारिक व्याकरण)

3- निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों मे से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1*4=4

(क) जो छात्र कक्षा में प्रथम आया था उसे मंच पर बुलाया गया | (सरल वाक्य में बदलें )

(ख) बादल घिरते ही मोर नाचने लगें | ( संयुक्त वाक्य में बदले )

(ग) हम बाज़ार पहुँचे ही थे और बारिश शुरू हो गयी | (सरल वाक्य में बदलें )

(घ) पीले हुये पत्ते ज़मीन पर गिरने लगे हैं | (मिश्र वाक्य में बदलें )

(ङ) जो फल तुम लाये थे, वे बहुत ही मीठे हैं | (मिश्र वाक्य का कौन-सा भेद हैं ?)

4- निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों मे से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1*4=4

(क) बालगोबिन भगत कबीर के सीधे-सादे पद गाते थे | ( कर्मवाच्य में बदलें )

(ख) नेताजी की मूर्ति पर चश्मेवाले के द्वारा चश्मा पहनाया जाता था | ( कर्तृवाच्य में बदलें )

(ग) वह अब दौड़ा नहीं सकता | ( भाववाच्य में बदले )

(घ) नवाब साहब के द्वारा बड़े ही यत्न से खीरा धोया गया | ( वाच्य-भेद बताएं )

(ङ) लोगों ने मुझे बताया | ( वाच्य-भेद बताएं )

5- निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों मे से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1*4=4

(क) समूचा गाँव भगत की मधुर लहरियों में झूम उठता था | - रेखांकित पद का परिचय दें |

(ख) मोहन यहाँ इसी विद्यालय में पढ़ता था | - रेखांकित पद का परिचय दें |

(ग) अरे वाह ! तुम भी शतरंज खेल सकते हो | - रेखांकित पद का परिचय दें |

(घ) सुरुचि वहाँ दसवीं कक्षा में खड़ी है | - रेखांकित पद का परिचय दें |

(ङ) अरबी घोड़े तेज़ दौड़ते हैं | - रेखांकित पद का परिचय दें |

6- निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों मे से किन्हीं चार प्रश्नों की काव्य पंक्तियों में निहित अलंकार पहचानकर उसका नाम लिखिए : 1*4=4

(क) फूल हँसें कलियाँ मुस्काई |

(ख) तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान मृतक में भी डाल देगी जान |

(ग) जान पड़ता है नेत्र देख बड़े-बड़े हीरकों में गोल नीलम हैं जड़े |

(घ) मुनि पद कमल बंदिदोउ भ्राता |

(ङ) कोटी कूलिस सम वचन तुम्हारा |

## खंड-ग

## ( पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक )

7- निम्नलिखित पठित गद्दयांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | 1*5=5

शहनाई के इसी मंगलध्वनी के नायक बिस्मिल्ला खा साहब अस्सी बरस से सुर माँग रहे हैं | सच्चे सुर की नेमत | अस्सी बरस की पांचों वक्त वाली नमाज़ इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है | लाखों सजदे , इसी एक सच्चे सुर की इबादत में खुदा के आगे झुकते हैं | वे नमाज़ के बाद सजदे में गिड़गिड़ाते हैं- मेरे मालिक एक सुर बख्श दे | सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ़ आँसू निकल आएँ | उनको यकीन है, कभी खुदा यू ही उन पर मेहरबान होगा और अपनी झोली से सुर का फल निकालकर उनकी ओर उछालेगा, फिर कहेगा, ले जा अमीरुद्दीन इसको खा ले और कर ले अपनी मुराद पूरी |

(क) बिस्मिल्ला खा के संदर्भ में कहे गए कौन से वाक्य सही हैं ?

I- वे शहनाई के मंगलध्वनी के नायक हैं |

II- वे अस्सी बरस से सुर माँग रहे है |

III- वे पाँचों वक्त की नमाज़ पढ़ते हैं |

IV- वे नमाज़ से पहले सजदे में गिड़गिड़ाते हैं

विकल्प

i- कथन i और कथन ii सही हैं

ii- कथन I, ii और iii सही हैं

iii- चारों कथन सही है

iv- कथन i गलत है

(ख) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिये :

कथन (A) : शहनाई के इसी मंगलध्वनी के नायक बिस्मिल्ला खा साहब अस्सी बरस से सुर माँग रहे हैं

कारण (R) : अस्सी बरस की पांचों वक्त वाली नमाज़ इसी सुर को पाने की प्रार्थना में खर्च हो जाती है |

i- कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है

ii- कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है

iii- कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है

iv- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है

(ग) बिस्मिल्ला खा ख़ुदा से दुआ में क्या मांगतें हैं ?

i- अपने परिवार मात्र की खुशहाली

ii- सच्चा सुर

iii- भारत रत्न की उपाधि

iv- 100 वर्ष का जीवन

(घ) बिस्मिल्ला खा की कौन सी मुराद है ?

i- शहनाई बजाते रहने की

ii- सच्चा सुर प्राप्त करने की

iii- पूरी काशी को शहनाई सीखाने की

iv- नोहा बजाने की

(ङ) गदयांश के आधार पर बताएं कि इनमें से कौन सी विशेषता बिस्मिल्ला खा साहब की नहीं थी ?

i- धार्मिक

ii- परिश्रमी

iii- सांप्रदायिक

iv- मिलनसार

8- निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 2*3=6

(क) मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा देख हालदार साहब का भावुक हो जाना कहाँ तक उचित है ?

(ख) बालगोबिन भगत पाठ के आधार पर उन प्रसंगों का उल्लेख कीजिये जिससे यह पता चलता है कि बालगोबिन भगत प्रचलित कुछ सामाजिक मान्यताओं को नही मानते थे ?

(ग) बिना खीरा खाये नवाब साहब को डकार लेते देखकर लेखक क्या सोचने पर विवश हो गया ?

(घ) लेखक के अनुसार वास्तविक अर्थों में संस्कृत व्यक्ति किसे कहा जा सकता है ?

9- निम्नलिखित पठित काव्यान्श पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए | 1*5=5

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती
वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज़ में वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से

(क) उपरोक्त पद के अनुसार मुख्य गायक के स्वर की कौन सी विशेषता बताई गयी है

i- कमज़ोर

ii- काँपती हुई

iii- सुंदर

iv- चट्टान जैसे भारी

(ख) 'वह आवाज़ सुंदर कमजोर काँपती हुई थी 'पंक्ति में किसके आवाज़ के बारे में बोला जा रहा है?

I- मुख्य गायक के

II- संगतकार के

III- छोटे भाई के

IV- रिश्तेदार के

विकल्प

i- चारों कथन सही है

ii- चारों कथन गलत है

iii- कथन i और ii सही है

iv- कथन ii सही है

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिये :

कथन (A) : संगतकार प्राचीन काल से मुख्य गायक का साथ देता आ रहा है

कारण (R) : मुख्य गायक की आवाज़ चट्टान की तरह भारी है |

i- कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है

ii- कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है

iii- कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है

iv- कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है

(घ) संगतकार की आवाज़ कमज़ोर और काँपती हुई क्यों है ?

i- वह बीमार है इसलिए गा नही पा रहा है |

ii- मुख्य गायक ने उसे ऐसा करने को कहा है |

iii- मुख्य गायक के समक्ष अपनी लघुता बोध के कारण |

iv- उसकी इंसानियत खत्म हो गयी है ,इसीलिए |

(ङ) प्रस्तुत पाठ के कवि है ?

i- नागार्जुन

ii- मंगलेश यादव

iii- जयशंकर प्रसाद

iv- मंगलेश डबराल

10- निर्धारित पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए | 2*3=6

(क) बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है ?

(ख) कवि ने सुख का जो स्वप्न देखा था , उसे कविता में किस रूप में अभिव्यक्त किया है ?

(ग) कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर गरजने के लिए क्यों कहता है ?

(घ) उद्धव द्वारा दिये गए योग के संदेश ने गोपियों की विरहाग्नि को कैसे बढ़ा दिया ?

11- पूरक पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए | 4*2=8

(क) ‘माता का अंचल’ पाठ के आधार पर माता-पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य प्रकट हुआ है उसे अपने शब्दों में लिखिए |

(ख) जितेन नार्गे ने लेखिका को सिक्किम की प्रकृति , वहाँ की भौगोलिक स्थिति एवं जनजीवन के बारे में क्या महत्वपूर्ण जानकरियाँ दीं, लिखिए |

(ग) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों ?

## खंड-घ

## (रचनात्मक लेखन)

12- निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए | 6*1=6

(क) स्वास्थ्य और व्यायाम

संकेत बिन्दु :-

- स्वास्थ्य का महत्व
- शारीरिक स्वास्थ्य के लिए व्यायाम
- मानसिक स्वास्थ्य
- निष्कर्ष

(ख) आज की आवश्यकता संयुक्त परिवार

संकेत बिन्दु :-

- एकल परिवार का बढ़ता चलन
- एकल परिवार और वर्तमान समाज
- संयुक्त परिवार की आवश्यकता
- बुजुर्गों की देखभाल
- एकाकीपन को जगह नही

(ग) नर हो न निराश करो मन को

संकेत बिन्दु -:

- आत्मविश्वास और सफलता
- आशा से संघर्ष में विजय
- कुछ भी असंभव नही
- महापुरुषों की सफलता का आधार

13- (क) आपके क्षेत्र में शराब की एक दुकान है | इससे होने वाली समस्याओं पर चिंता प्रकट करते हुये किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लोखिए | 5*1=5

अथवा

(ख) अपने पिताजी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखकर बताइये कि आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव किस तरह मनाया गया |

14- (क) आप मनोज/मनीषा हैं | आपने बीबीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है | साथ ही किसी प्रतिष्ठित संस्थान से प्रबंधन में दो वर्षीय डिप्लोमा भी प्राप्त किया है | अ ब स कंपनी में प्रबन्धक का पद रिक्त है |आपको उस पद के लिए आवेदन करना है | इसके लिए लगभग 80 शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिये | 5*1=5

अथवा

(ख) अपने मित्र को अपने जन्मदिन की पार्टी के लिए निमंत्रण देने हेतु लगभग 80 शब्दों में एक ई - मेल लिखिए |

15- (क) आप एक योग प्रशिक्षण केंद्र खोलना चाहते हैं | इस संबंध में युवाओं को आकर्षित करने वाला एक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिये 4*1=4

अथवा

(ख) छोटे भाई को कक्षा में प्रथम आने के शुभ अवसर पर लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखे